

## महिला क्रिकेटर मेग लेनिंग से अमला-कोहली सहित दिग्गज पिछड़े

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। आईसीसी महिला चैंपियनशिप के तहत खेले गए एक मुकाबले में ऑस्ट्रेलियाई महिला टीम ने वेस्ट इंडीज को 178 रनों के विशाल अंतर से हरा दिया। ऑस्ट्रेलियाई टीम ने पहला विकेट खाता खोलने से पहल ही गंवा दिया था, लेकिन उसके बाद कप्तान मेग लेनिंग (121) और एलिसा हीली (122) की शानदार शतकीय पारियों की बदौलत 50 ओवर में 4 विकेट पर 308 रन बना बना दिए। जवाब में विंडीज की महिला टीम 37.3 ओवरों में 130 रन पर ही सिमट गई। एंटिगा में खेले गए इस मैच में लेनिंग ने अपनी शतकीय पारी के दौरान 146 गेंदों का सामना किया, जबकि 12 चौके और 4 छक्के जड़े। यह उनके वनडे करियर का 13वां वनडे शतक है। इसके साथ ही वह वनडे क्रिकेट में सबसे तेज 13 शतक लगाने वाली खिलाड़ी बन गई हैं। महिला और पुरुष, दोनों का रेकॉर्ड है। 13 शतक के लिए उन्होंने 76 पारी खेली है। पिछले 4 मैचों में उनकी यह दूसरी सेंचुरी भी है।

# तोक्यो ओलिंपिक में धमाल मचाएंगे भारतीय शूटर

### खेल मंत्री ने विश्वकप में भारतीय निशानेबाजों के शानदार प्रदर्शन की तारीफ की

**उम्मीद**

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। खेल मंत्री किरण रिजिजू ने हाल ही में खत्म हुए विश्व कप में भारतीय निशानेबाजों के शानदार प्रदर्शन की तारीफ की और उम्मीद जताई कि अगले साल तोक्यो ओलिंपिक में यह फॉर्म बरकरार रहेगा। भारतीय निशानेबाजी टीम ने रियो डी जनेरो में आईएसएसएफ विश्व कप में पांच स्वर्ण समेत 9 पदक जीते। रिजिजू ने टीम से मुलाकात के बाद कहा, 'हमारी निशानेबाजी टीम का प्रदर्शन शानदार रहा और मैं पूरी टीम को इसके लिए बधाई देता हूं।'

उन्होंने कहा, 'हम तोक्यो ओलिंपिक में निशानेबाजी में सबसे ज्यादा खिलाड़ियों को भेजने का रेकॉर्ड बनाने जा रहे हैं। हम 9 कोटा स्थान हासिल कर चुके हैं और मुझे बताया गया है कि 12 कोटा स्थानों की संभावना है।' उन्होंने कहा, 'अब



हम दुनिया में सर्वश्रेष्ठ है और मैं उम्मीद करता हूं कि यह ओलिंपिक में भी नजर आएगा। हमें ओलिंपिक में भी अच्छे पदक जीतने हैं। हमें निशानेबाजी से काफी उम्मीदें हैं।'

**राष्ट्रमंडल से बाहर किए जाने पर निराशः** खेल मंत्रालय ने हाल ही में ब्रिटेन के खेलमंत्री को पत्र लिखकर बर्मिंगम राष्ट्रमंडल खेलों में निशानेबाजी को फिर शामिल करने की अपील की। इस मसले पर पूछने पर रिजिजू ने कहा, 'भारत राष्ट्रमंडल खेल महासंघ के सबसे अहम देशों में से है और 2022 खेलों से निशानेबाजी को बाहर किए जाने से हम सभी निराश हैं।' उन्होंने कहा, 'राष्ट्रमंडल खेलों की कार्यकारी आयोजन समिति ने यह फैसला लिया जिसमें कोई भारतीय नहीं है। लिहाजा ऐसा कोई फैसला लेना सही नहीं है जो भारत के हित में नहीं है, क्योंकि सभी को पता है कि निशानेबाजी में भारत कितनी बड़ी ताकत है।'

**क्या हो सकता है अब?:** रिजिजू ने कहा, 'हम राजनयिक जरिए से यह मसला उठाएंगे लेकिन चूंकि यह खेल का मामला है तो हम चाहेंगे कि राष्ट्रमंडल खेल कार्यकारी समिति हमारा पक्ष सुने वरना हमें विरोध दर्ज करना होगा। आईओए इस बारे में मुझसे फिर मिलेगा।' वाडा द्वारा एनडीटीएल की मान्यता छह महीने के लिए निलंबित किए जाने के बारे में उन्होंने कहा, 'वाडा का यह फैसला सही नहीं था। एनडीटीएल का चेयरमैन होने के नाते यह मेरी जिम्मेदारी है। मुझे बताया गया था कि कुछ मसले हैं लेकिन सुलझ गए हैं। जब मसले हल हो गए तो हमें निलंबित कर दिया गया।

# टेस्ट में भारतीय टॉप ऑर्डर चिंता का विषयः विक्रम राठौड़

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

■राठौड़ ने संजय बांगड़ की जगह ली

नई दिल्ली। भारत के नए बल्लेबाजी कोच विक्रम राठौड़ साउथ अफ्रीका के खिलाफ सीरीज से अपना कार्यकाल शुरू करेंगे और उन्होंने शुक्रवार को कहा कि पारी के आगाज करने के साथ वनडे में मिडिल ऑर्डर का प्रदर्शन उनकी मुख्य चिंता हैं। जब कोचिंग और सहयोगी स्टाफ में नई नियुक्तियां की गईं तो राठौड़ ने संजय बांगड़ की जगह ली। उनका कार्यकाल गुरुवार से शुरू हो गया और पहली बड़ी चुनौती साउथ अफ्रीका के खिलाफ 15 सितंबर से शुरू हो रही घरेलू टी20 और टेस्ट सीरीज होगी।

राठौड़ ने बीसीसीआई की अधिकारिक वेबसाइट पर कहा, वनडे में मध्यक्रम इतना अच्छा नहीं कर रहा और हमें निश्चित रूप से इसका निपटारा करना चाहिए। वहीं चिंता की एक चीज टेस्ट में सलामी बल्लेबाजों की भागीदारी है। हमारे पास विकल्प हैं और इसमें काफी स्वस्थ प्रतिस्पर्धा है। हमें उनके और अधिक निरंतर होने का तरीका ढूंढना होगा।

राठौड़ ने कहा कि श्रेयस अय्यर और मनीष पांडे 50 ओवर के प्रारूप के लिए अच्छे विकल्प दिखते हैं। उन्होंने कहा, श्रेयस अय्यर ने पिछले दो मैचों में काफी अच्छा प्रदर्शन किया है और हमारे पास मनीष पांडे भी है। इन दोनों खिलाड़ियों ने घरेलू क्रिकेट और इंडिया ए के साथ में काफी अच्छा प्रदर्शन किया है। ये ऐसे बल्लेबाज है जो अपना काम बखूबी करने के काबिल हैं और इसके बारे में कोई शक नहीं है। उनकी नियुक्ति के समय काफी विवाद हुआ क्योंकि उन पर हितों के टकराव के भी आरोप लगे जिन्हें बाद में हटा दिया गया। राठौड़ ने भारत के लिए छह टेस्ट और सात वनडे खेले हैं। उनका टीम के मौजूदा खिलाड़ियों के साथ अच्छा तालमेल है। हमारे पास कोचिंग स्टाफ में काफी बेहतरीन स्टाफ है। मुझे उन्हें जानने का मौका मिला क्योंकि मैं राष्ट्रीय चयनकर्ता था। मैं खिलाड़ियों को जानता हूं और उनके साथ कुछ समय काम भी कर चुका हूं। उन्होंने कहा, मैं रवि शास्त्री, बी अरुण और आर श्रीधर के साथ विराट के साथ काम कर चुका हूं।

## बलात्कार का आरोपी तैराकी कोच अभी तक फरार, एसएफआई ने लगाया प्रतिबंध

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। एक नाबालिग लड़की के बलात्कार के आरोपों का सामना कर रहे गोवा के बर्खास्त तैराकी कोच सुरजीत गांगुली का अभी तक पता नहीं चल सका है। गोवा पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। इस बीच भारतीय तैराकी महासंघ ने गांगुली पर खेल से जुड़ी हर गतिविधि के लिए प्रतिबंध लगा दिया। गोवा तैराकी संघ के कोच गांगुली पर 15 वर्ष की लड़की के यौन उत्पीड़न का आरोप है, जो उनसे तैराकी सीख रही थी। पुलिस उप अधीक्षक गजानन प्रभुदेसाई ने कहा, 'हम अभी तक कोच की तलाश कर रहे हैं। उसका पता नहीं चल सका है लेकिन हम उसे जल्दी गिरफ्तार कर लेंगे।' एसएफआई ने एक बयान में कहा, 'एसएफआई गोवा ईकाई की रिपोर्ट और सोशल मीडिया पर उपलब्ध सबूतों के आधार पर एसएफआई इस जघन्य बर्ताव की निंदा करता है। हमने इस कोच को कोचिंग के किसी भी स्वरूप या खेल से जुड़ी अन्य गतिविधियों के लिये प्रतिबंधित कर दिया है। इस आशय का सर्कुलर सभी 29 प्रदेश ईकाइयों को जारी कर दिया है।'

## न्यूज डायरी



### टेस्ट क्रिकेट में स्टीव स्मिथ हैं बेस्ट, कुल मिलाकर कोहली का जवाब नहीं

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। चार पारियां, एक दोहरे शतक समेत कुल तीन शतक, एक हाफ सेंचुरी। स्टीव स्मिथ ने टेस्ट क्रिकेट में धमाकेदार वापसी की है। एशेज सीरीज में ऑस्ट्रेलिया का यह पूर्व कप्तान शानदार फॉर्म में है। गुरुवार को उन्होंने डबल सेंचुरी लगाई। वह पहले ही भारतीय कप्तान विराट कोहली को पीछे छोड़ टेस्ट क्रिकेट में नंबर एक बल्लेबाज बन चुके हैं। लेकिन क्रिकेट जगत में यह बहस जारी है कि विराट और स्मिथ में कौन बेहतर बल्लेबाज है। ऑस्ट्रेलिया के महान लेग स्पिनर शेन वॉर्न ने कहा कि अगर उन्हें टेस्ट क्रिकेट के लिए चुनना हो तो स्मिथ उनके फेवरिट कोहली से जरा सा आगे रहेंगे। उन्होंने कहा कि सभी प्रारूपों की बात की जाए तो कोहली आगे रहेंगे। उन्होंने उम्मीद जताई कि कोहली सचिन तेंडुलकर के 100 अंतरराष्ट्रीय शतकों के रेकॉर्ड को तोड़ देंगे। वॉर्न ने कहा, जहां तक टेस्ट क्रिकेट की बात है तो मैं कहूंगा कि शायद कोहली और स्मिथ में से किसी एक को चुनना बहुत मुश्किल होगा।

### सेरेना की निगाहें रिकार्ड बराबरी पर, आंद्रिस्कू से होगा सामना

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** न्यूयार्क। अमेरिकी स्टार सेरेना विलियम्स ने एलिना स्वितोलिना को हराकर अमेरिकी ओपन टेनिस ग्रैंडस्लैम के फाइनल में प्रवेश किया जिसमें शनिवार को उनकी भिड़ंत कनाडा की बियांका आंद्रिस्कू से होगी। सेरेना 24वें ग्रैंडस्लैम की कोशिश में जुटी हैं जिससे वह मारग्रेट कोर्ट के रिकार्ड की बराबरी बर लेंगी। उन्होंने गुरुवार को अंतिम चार के मुकाबले में यूक्रेन की स्वितोलिना को 6-3 6-1 से मात देकर उनका सफर समाप्त कर दिया जो अपने प्रदर्शन में सुधार करके पिछले दो ग्रैंडस्लैम के सेमीफाइनल तक पहुंची थी। हालांकि स्वितोलिना इसके बावजूद सोमवार को जारी होने वाली विश्व रैंकिंग में तीसरे स्थान पर पहुंच जायेंगी जो उनके कैरियर की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग होगी। स्वितोलिना ने शुरू में सेरेना को परेशान किया लेकिन वह शुरुआती गेम में तीन ब्रेक प्वाइंट का फायदा नहीं उठा सकी।

### सेरेना का सामना करने के लिए बेहद उत्सुक हूं: एंड्रीस्कू

न्यू यॉर्क। कनाडा की 19 साल की टेनिस प्लेयर बियांका एंड्रीस्कू ने एक बेहद कड़े मुकाबले में बेलिंडा बेनसिच को मात देकर यहां जारी यूएस ओपन के महिला एकल वर्ग के फाइनल में प्रवेश कर लिया। उन्होंने कहा कि वह अमेरिका की महान खिलाड़ी सेरेना विलियम्स का सामना करने के लिए काफी उत्सुक हैं। एंड्रीस्कू ने दो सेट तक चले रोमांचक मुकाबले में स्विट्जरलैंड की बेनसिच को 7-6 (7-3), 7-5 से मात दी और फाइनल में प्रवेश किया। बीबीसी के अनुसार, यह मुकाबला दो घंटे और 12 मिनट तक चला। एंड्रीस्कू पहली बार इस टूर्नामेंट में हिस्सा ले रही हैं और वह पहली बार किसी ग्रैंड स्लैम के फाइनल में पहुंची हैं। फाइनल में कनाडाई खिलाड़ी का मुकाबला 23 बार की ग्रैंड स्लैम विजेता सेरेना से होगा।

### पायस जैन एशियाई जूनियर टेटे के सेमीफाइनल में

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** उलानबटोर (मंगोलिया)। सातवें वरीय पायस जैन ने शुक्रवार को 25वीं एशियाई जूनियर टेबल टेनिस चौम्पियनशिप में कैडेट लड़कों के एकल सेमीफाइनल में प्रवेश किया। उन्होंने सिंगापुर के तीसरे वरीय योंग इजाक क्वेक को 9-11, 11-6, 8-11, 11-6, 14-12 से मात दी। अब उन्होंने कांस्य पदक सुनिश्चित कर लिया है जिससे अक्टूबर में पोलैंड के व्लादस्लावोवो में होने वाली विश्व कैडेट चौम्पियनशिप के लिये एशियाई टीम में उनका स्थान लगभग पक्का हो गया है। भारत के लिये इस चौम्पियनशिप में दूसरा पदक होगा क्योंकि जूनियर लड़कों ने भी रजत पदक अपने नाम किया। इससे पहले आदर्श ओम छेत्री क्वार्टर की बाधा पार नहीं कर सके जबकि जूनियर लड़कों के एकल में मानुष शाह ने क्वार्टरफाइनल में प्रवेश किया जिसमें उनका सामना जापान के हिरोतो शिनोजुका से होगा।